


# पद्मश्री डॉ बीके जैन पंचतत्व में हुए विलीन, जिस भूमि पर पूरे जीवन सेवा दिया वहीं हुए विलीन

## सद्‌गुरु ट्रस्ट परिवार, साधु-संतों और गणमान्य नागरिकों ने भी अंतिम विदाई दी







नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 01 मार्च। परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी के कर कमलों द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री से अलंकृत लाखों लोगों के जीवन में उजला प्रदान करने वाले डॉ. बी के जैन आज उसी चित्रकूट की तपोभूमि धरा पर पंचतत्व में विलीन हो गए जिस तपोभूमि को उन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पित किया था।**

अंधकार में डूबी असंख्य आंखों को रोशनी देने वाला एक तपस्वी नेत्र चिकित्सक अब स्वयं अनंत ज्योति में विलीन हो गया।

डॉ. जैन की अंतिम यात्रा चिकित्सालय परिसर रघुवीर मंदिर होते हुए एसपीएस ग्राउंड में पहुंची जहां उनको तिरंगे के साथ गार्ड ऑफ ऑनर सलामी दी गई। इस मौके पर सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस , पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित तमाम जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, धर्म नगरी के सभी साधु संत, आम जनमानस सहित सदगुरु परिवार के लगभग सभी ट्रस्टीगण, गुरु भाई बहन, डॉ जैन के सभी परिवारिक जन ,रिश्तेदार सहित सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उनके दोनों पुत्र जिनेश जैन एवं डॉ इलेश जैन ने उन्हें मुखाग्नि दी। आपको बता दे कि 27 फरवरी 2026 को डॉ जैन का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था पिछले कई महीनों से अस्वस्थ्य थे और मुंबई में उनका इलाज चल रहा था। उनके मार्गदर्शन में चित्रकूट तपोभूमि पर तारा नेत्र दान यज्ञ के रूप में सेवा का जो बीज जो बोया गया था वह आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उनके निधन से चित्रकूट सहित समूचे विंध्य अंचल में शोक की लहर दौड़ गई, संत समाज, समाज सेवी सेवी, जनप्रतिनिधि ,आम जनमानस सहित समस्त सदगुरू परिवार ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि के साथ अंतिम विदाई दी उनकी अंतिम विदाई में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सतना जिले में जन्मे डॉ जैन ने प्रारंभिक शिक्षा शासकीय व्यंकट क्रमांक -1 विद्यालय से प्राप्त की थी, वर्ष 1973 में श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय ,रीवा से चिकित्सा स्नातक तथा 1979 में लोकमान्य तिलक चिकित्सा महाविद्यालय , सायन से नेत्र रोग में स्नाकोत्तर उपाधि प्राप्त की थी। स्नाकोत्तर के बाद उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खुला था मगर उन्होंने सुविधा नहीं बल्कि सेवा का मार्ग चुना और 1970 में चित्रकूट पहुंचे जहां स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत सीमित थी। परम पूज्य रणछोड़ दास जी महाराज के आशीर्वाद से शुरू तारा नेत्रदान यज्ञ ने चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में नेत्र चिकित्सा की एक नई क्रांति ला दी थी। टेंट और टीन शेड के नीचे प्रारंभ हुए शिविर आज सुव्यवस्थित स्थापित किए गए लाखों नेत्र रोगियों के उपचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के तमाम जिलों को मोतियाबिंद मुक्त घोषित कराने में डॉ जैन ने महत्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा और अंधत्व निवारण के क्षेत्र में उनके अद्वतीय योगदान देने के लिए उनको देश विदेश में कई अवार्डों से सम्मानित किया गया और इसी अद्वतीय योगदान के लिए उन्हें 27 मई 2025 को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने उन्हें पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया था। उनकी अंतिम विदाई में बिलख उठे परिजन पत्नी ऊषा जैन, पुत्र जिनेश जैन, इलेश जैन, बहू श्रुति जैन, मौसम जैन, पौत्र पौत्री प्रियांश जैन, निर्वाण जैन, अर्णव जैन और अरिहा जैन समेत पूरा परिवार। वहां मौजूद हजारों लोग इस दृश्य को देखकर स्वयं को संभाल नहीं सके।उनकी अंतिम विदाई गार्ड ऑफ ऑनर में पुलिस ने शस्त्र झुकाएं।

# नागौद बाजार में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



नवभारत न्यूज

**नागौद 01 मार्च । अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद अनिकेत शांडिल्य ( आईएएस ) के आदेशानुसार नागौद बाजार में भारी वाहनों, ट्रक एवं अन्य माल वाहक वाहनों के दिनभर निकलने के कारण भारी जाम एवं एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं, जिस कारण यातायात व्यवस्था एवं दुर्घटना के बचाव हेतु सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों एवं व्यावसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।**

बाजार में ट्रकों, भारी वाहनों, लोडिंग वाहनों एवं माल वाहक ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रवेश प्रात: 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश बसों एवं छोटे वाहनों पर लागू नहीं होगा। ट्रांसपोर्ट संबंधी कार्य एवं माल उतारना एवं चढ़ाना समस्त कार्य से जुड़े हुए कोई भी ट्रक, भारी वाहन, लोडिंग वाहन उक्त मार्गों में निषेध वाले समय में बिना अनुमति प्रवेश नहीं करेंगे। जो वाहन शासकीय कार्य जैसे यातायात, पी.टी.एस. सिस्टम, दूध वाहन, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियाँ अन्य शासकीय विभागों के कार्य में जुड़े हुए तथा बसों को उक्त आदेश से छूट रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अत्यंत आवश्यकता होने पर इस कार्यालय से लिखित अनुमति लेकर ट्रक, भारी वाहन एवं लोडिंग वाहन सीमित समय के लिए उक्त मार्गों में प्रवेश कर सकेंगे। बस स्टैंड नागौद जाने वाली सभी बसें बस स्टैंड के अन्दर ही खड़ी होंगी। बस स्टैंड के बाहर मार्ग में खड़ी नहीं होगी। सिंहपुर चौराहा में खड़ी होने वाली बसें जो सवारी/सामान उतारना-चढ़ाना जैसे कार्य किये जाते हैं, वे सभी बसें सिंहपुर चौराहा के 100 मीटर आगे या 100 मीटर पीछे सवारी/सामान उतारना-चढ़ाना जैसे कार्य करेंगी। स्थल का चिन्हांकन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद नागौद द्वारा किया जावेगा और भारी वाहन, ट्रक, लोडिंग वाहन, माल वाहक ट्रैक्टर ट्रालियां उक्त मार्ग पर पार्किंग हेतु खड़े नहीं होंगे। निषेध समय में उक्त वाहन रावणा मैदान नागौद में पार्किंग कर सकेंगे।

## पिपरी कला हाई स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सतना** । जनपद पंचायत उचेहरा के नजदीकी गांव पिपरी कला हाई स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 2 मार्च को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया गया है जिसमें डॉक्टर कीर्ति सिंह एमबीबीएस स्त्री लोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर अतुल कुमार खरे एमबीबीएस अपनी सेवाएं देंगे।

शिविर में स्त्री रोग परामर्श,बच्चों की सामान्य जांच,शुगर की जांच,गर्भावस्था जांच,सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण,अन्य सामान्य जांच निशुल्क रहेगी, हाई स्कूल की शिक्षिका संध्या सिंह के प्रयास से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

# बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जयंती के भव्य आयोजन की बनी रूपरेखा



नवभारत न्यूज

**कोठी 01 मार्च । आगामी 9 मार्च को 1857 की क्रांति के महानायक रहे अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्म जयंती उनके गृह ग्राम मनकहरी में भव्य तरीके से मनाए जाने को लेकर आज मनकहरी गढी पर बाबा अमर सिंह ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कर रूपरेखा तैयार की और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई ।**

आयोजन को भव्य रूप से मनाए जाने तथा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली को संरक्षित किए जाने की दिशा पर पिछले कई महीनो से अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन निस्वार्थ भाव कार्य कर रहा है और क्षेत्र के सभी जगह जा जाकर संगठन का विस्तार करते हुए जन्मस्थली को संरक्षित करने के दिशा पर कारगार कार्य कर रहा है । आयोजन में अधिक से अधिक लोग पहुंचे और जन्मस्थली को संरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें इस विषय पर विशेष बल देते हुए आज बैठक में चर्चा की गई और सभी को जिम्मेदारियां दी गई सभी ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की हुंकार भरी। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, संयोजक शैलेंद्र सिंह, सह संयोजक उमेश सिंह ,सचिव वीरेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष जीत सिंह, यशवंत पांडे नीरज सिंह, संतोष पांडे, रुक्मणी रमन प्रताप सिंह ,बबलू सिंह, जयदीप सिंह ,विज्ञान सिंह ,बृजेश गर्ग सोनू, अजय विश्वकर्मा ,अनुराग सिंह दादू, शैलेंद्र सिंह बाबू, केपी सिंह, अनूप सिंह सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं मनकहरी गांव के लोग मौजूद रहे।

# विकास में बाधा बना ट्रांसफार्मर हुआ शिफ्ट



नवभारत न्यूज

**सतना 01 मार्च। उचेहरा के हृदय स्थल संकट मोचन चौराहे में कई दशक से 315 केव्ही का ट्रान्सफार्मर दूसरी जगह शिफ्ट हो जाने से कुछ दिनो में इस चौराहे की रंगत बदल जाएगी।**

परिषद के कई कार्यकाल बीत गए लेकिन इस दिशा में अब प्रयास हो सका यह सब नगर परिषद के जिम्मेदारों और महाराज कुमार क्षत्रसाल सिंह जू देव के दूरगामी सोच का सार्थक परिणाम है। इस चौराहे के मो? में कभी कुंआ हुआ करता था लेकिन अब वह नहीं है उसी के पास जो ट्रांसफार्मर दूसरी जगह सिफ्ट किया गया यह कई दशक से उसी संकट मोचन चौक के पास ही था ।चौराहे के पास ही पुराने थाना भवन में नगर परिषद द्वारा भव्य शापिंग काम्प्लेक्स की आधार शिला रखी गई है जो वह अब अपना मूर्त रूप लेने के अंतिम चरण में है, निश्चय ही जिस समय इस चौराहे का विकास होगा नगर की सौंदर्यीकरण की दिशा में बदली बदली तस्वीर दिखने लगेगी । नगर के आवागवन में बनी बाधा भी दूर हो जाएगी। अंधा मो? होने के कारण आये दिन दुर्घटनाये होने का भय भी अब समाप्त हो गया। निश्चय ही नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

# समीक्षा बैठक में आगामी कार्यों की रुपरेखा बनी



नवभारत न्यूज

**रामनगर 01 मार्च। म प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी एवं ब्लॉक समन्वयक प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में सिंदुरा में मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को संपन्न हुई।**

सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत किया गया जिसमें प्रस्फुटन समिति के पिछले महीने के किए गए कार्यों की समीक्षा और आगामी महीनों में होने वाले नशा मुक्ति, योग, प्राणायाम ,मुक्ति स्वदेशी अभियान ,पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा ,डिजिटल गांव, एक पेड़ मां के नाम की कार्यक्रम की जानकारी दी गई और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध बिस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और बाल विवाह अपराध है और बाल विवाह के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई बैठक में नवांकुर संस्था अध्यक्ष लक्ष्मी साकेत, सचिव कमला बाई, कोषाध्यक्ष राकेश साकेत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सीमा सिंह, सचिव साबित्री विश्वकर्मा, बिमला दहिया, मुन्नी दहिया, दीना कुशवाहा, अमर सिंह ,लाल बहादुर सिंह , अमर सिंह गौड ,शशि सिंह ,सीता सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने खेली होली

**कोठी** ।होली के पावन पर्व के शुभ अवसर पर कोठी के रंजना पब्लिक हायर सेकंडरी विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया। विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं अपने टीचर स्टाफ के साथ मिलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और होली की खुशियां बांटी,विद्यालय के डायरेक्टर पंकज सिंह सुदीप एवं विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती रंजना सिंह इस अवसर पर बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए सभी के साथ मिलकर होली के पर्व के अवसर पर रंग गुलाल लगाकर खुशियों का इजहार किया इस दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षक व सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



### भाकियू राष्ट्रीय सम्मेलन का राष्ट्रीय सम्मेलन 10 को

**सतना** ।कृषि उपज मंडी उचेहरा में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इन्द्रजीत पाठक ने की ,विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष रामकलेश सिंह मौजूद रहे । बैठक में 10 मार्च को सतना में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में ब्लाक से अधिक से अधिक संख्या में किसानों के पहुंचने की अपील के साथ साथ स्थानीय समस्याओं को भी सुना और समस्याओ के निदान का पूरा भरोसा दिलाया ।बैठक में मुख्य रुप से विद्युत विभाग की मनमानी रोकने शासन प्रशासन से अपील की गई वही उचेहरा की उप मंडी को फुल मंडी का दर्जा दिलाने का मुद्दा उठा उसके साथ ही कोनियां ग्राम की रहौनी की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने ,गेंहू के रजिस्ट्रेशन सेंटर की संख्या ब?ाने सहित अन्य मुद्दों पर गम्भीरता पूर्वक विचार विमर्श हुआ ।बैठक में किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि कई बार कोनियां के आम रास्ते मे हुये अतिक्रमण को एस डी एम के पास उठाने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई ,ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में किसान व महिलाएं बैठक में उपस्थित रही ।




### विंध्या वैली स्कूल में एनुअल डे सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन

**नागौद** ।विंध्या वैली कन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल श्यामनगर भव्य एनुअल डे सेलिब्रेशन आज 8 बजे शाम धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष आशीष कुशवाह , पूर्व मंडल अध्यक्ष मैइयादीन कुशवाहा ,पूर्व जनपद सदस्य करामत अली, पूर्व सरपंच राजेश गौतम अभिमन्यु जन शिक्षक, पूर्व जनपद सदस्य तीरथ तोमर, उप सरपंच लक्ष्मी जयसवाल, ब्रह्माकुमारी छाया दीदी जी ,साहब लाल कचेर , संचालक विजय कुमार कचेर आदि मौजूद रहे।

# खंगार राजवंश परिवार ने भदोरिया परिवार के यहां चीकट लेकर पहुंचा



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 1 मार्च । हिंदू परंपरा के अनुसार जब किसी परिवार में पुत्र का विवाह होता है तब मामा पक्ष चीकट लेकर आता है यह परंपरा हिंदू परिवारों में पूर्व से चली आ रही है।**

इसी क्रम के भदोरिया परिवार के महेश सिंह के पुत्र रोहित सिंह भदोरिया का विवाह हो रहा था भदोरिया परिवार के विवाह का निमंत्रण स्वीकार करते हुए खंगार क्षत्रिय सुमेरपुर निवासी अशोक सिंह फौजी अपने भांजे के विवाह में चीकट की परंपरा का निर्वाह करते हुए कहा कि रमेश सिंह खंगार नन्ना के संरक्षण में भदोरिया राजवंश के द्वारा खंगार राजवंश को निमंत्रण दिया गया था महेश सिंह भदोरिया पुत्र रोहित सिंह भदोरिया चंद चौक सुमेरपुर के यहां खंगार राजवंश के द्वारा भात लेकर पहुंचे जिनका भव्य एवं दिव्य सम्मान एवं स्वागत हुआ तथा एक बार पुन: पूर्वजों की विलुप्त परंपरा निभाई गई।

अशोक सिंह खंगार फौजी भरुआ सुमेरपुर ने बताया कि क्षत्रियों में आपसी मतभेद के चलते रोटी बेटी का रिश्ता टूट गया था जिससे भदोरिया राजवंश के द्वारा पुन स्थापित करने की पहल की गई है महेश सिंह भदोरिया के बेटे रोहित सिंह भदोरिया के शुभ विवाह में भदोरिया राजवंश के द्वारा खंगार राजवंश को निमंत्रण देकर खंगार राजवंश के साथ रोटी और बेटी का रिश्ते की पहल की गई है जिसे स्वीकार करते हुए अशोक सिंह फौजी भरुआ सुमेरपुर एवं ठाकुर भान सिंह खंगार उप निरीक्षक उत्तर प्रदेश , ठाकुर रामचंद्र राणा सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक उत्तर प्रदेश महोबा ठाकुर शिव करण सिंह खंगार जिला अध्यक्ष श्री सुमेर देव सेवा समिति भरुआ मान सिंह लंका वाले से किशोर सिंह ,चिलौली संरक्षक श्री सुमेरदेव सेवा समिति भरुआ सुमेरपुर से एवं उत्तम सिंह खंगार जी मौदहा संजय सिंह मौदहा से राहुल सिंह खंगार मौदहा नरेंद्र सिंह खंगार जी मौदहा से परशुराम सिंह ,आल्हा गायक बलवंत सिंह खंगार परसहा राहुल सिंह अभियंता यूपीपीसीएल, भरुआ भीम सिंह खंगार भरुआ सुमेरपुर ,बावू सिंह बांक जिनेन्द्र सिंह खंगार करहिया सहित क्षत्रिय खंगार समाज के गण मान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति के साथ /चीकट परम्परा का निर्वहन किया यह जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी।

# श्रीकृष्ण द्विवेदी एडवोकेट बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**नागौद 01 मार्च । भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पांडेय ने वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति के पश्चात भाजपा जिला सतना की कार्यकारिणी घोषित की जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला मंत्री श्रीकृष्ण द्विवेदी ( एडवोकेट ) को पदोन्नति करते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला सतना का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।**

श्री कृष्ण द्विवेदी एडवोकेट संगठन के विभिन्न दायित्वों में रहते हुए सर्वप्रथम ग्राम पंचायत दातुंनहा के स्थानीय समिति के अध्यक्ष रहे, उसके बाद जब रैगांव विधानसभा के सैमरवारा मंडल एवं सिंहपुर मंडल तथा नागौद के जसो एवं नागौद मंडल में सम्मिलित थे तब भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री बने, उसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे, उसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले के उपाध्यक्ष रहे, उसके बाद भारतीय जनता पार्टी मंडल नागौद के महामंत्री का दायित्व निर्वहन करते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य रहे।

## व्यापारी संघ कोठी का होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन 3 को

**कोठी** ।हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी व्यापारी संघ कोठी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन 3 मार्च को कोठी के चौक बाजार में देवीगंज प्रांगण पर आयोजित किया जाएगा ।कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवि मौजूद रहेंगे और अपनी प्रस्तुतियां देंगे व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष राम जी गुप्ता ने होली मिलन समारोह के अवसर पर होने वाले कवि सम्मेलन के आयोजन में सभी नगर वासियों से समय से पहुंचने की अपील की है यह आयोजन सायं 4 बजे से आयोजित होकर सुनहरी रात तक चलता रहेगा।

# गंदा पानी पिला कर जल संस्थान कर रहा जनता के स्थास्थ्य से खिलवाड़ : अरूण गुप्ता

## मंदाकिनी की स्वच्छता के लिये सामाजिक कार्यकर्ता ने डीएम से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 1 मार्च भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास और मां मंदाकिनी की स्वच्छता और अविरलता को बनाये रखने के लिये चिन्तनषील रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व सभासद अरूण गुप्ता ने षासन प्रषासन से गुहार लगाई है ।**

उन्होंने कहा कि चित्रकूट की जीवनदायिनी मां मंदाकिनी को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है। मौजूदा समय मंदाकिनी गंदगी से कराह रही है और मंदाकिनी से पोषित पल्लवित चित्रकूटवासी तीर्थयात्री भी मंदाकिनी की गंदगी से अछूते नहीं हैं। क्योंकि चित्रकूटवासियों का जीवन मंदाकिनी के जल पर ही निर्भर है। ऐसी दषा में जल की पवित्रता बनाये रखना भी हम सब का कर्तव्य होना चाहिये । यदि समय रहते मंदाकिनी की स्वच्छता पवित्रता पर गौर न किया गया तो आने वाला समय भयावह होगा ।

पूर्व सभासद अरूण गुप्ता ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेख यादव के कार्यकाल में सीवर लाइन रामघाट के पास बनाई गई थी । वहां के घरों और होटलों मठ मंदिरों का गंदा पानी सीवर लाइन के माध्यम से रानीपुर भट्ट क्षेत्र में दिव्यांग राज्य विवि के पीछे बने सीवर पम्पिंग पाउण्ड (आक्सीडेषन पाउण्ड) पर जाता है। जिसका निर्माण 31 मार्च 2016 को हुआ था । तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेष यादव ने जल निगम द्वारा निर्मित कराये गये चित्रकूट सीवरेज योजना के तहत इस आक्सीडेषन पाउण्ड का लोकार्पण किया था। लेकिन इधर इसका रख-रखाव सही ढंग से नहीं किया जा रहा । बताते हैं कि रामघाट में बना पम्प हाउस कभी -कभी चलाया नहीं जाता। जब कहो तभी चलता है। इसके बाद वहां से जो गंदा पानी इस पाउण्ड में आता है तो आगे चल कर जल संस्थान ने इसे पुन: मंदाकिनी में गिराने का काम किया है जो किसी भी दषा में यह प्रोजेक्ट जनहित में उपयोग नहीं किया जा रहा है बल्कि सीवर प्लान्ट के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है जो चित्रकूट की जनता के जीवन से भी खिलवाड़ है। अरूण गुप्ता कहते हैं कि पाउण्ड के गंदे पानी को ट्रीट कर किसानों के खेतों को पानी दिया जा सकता है लेकिन जल संस्थान ऐसा न कर सीवर के पानी को पुन: मंदाकिनी में ही डाल रहा है।

यदि समय रहते इस अव्यवस्था को ठीक न कराया गया तो आने वाले समय में किसी बडी महामारी फैलने से इन्कार नही किया जा सकता। सामाजिक कार्यकर्ता अरूण गुप्ता ने वर्तमान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से इस अव्यवस्था को दूर करने की मांग की है।